राहुल गांधी संभाले कांग्रेस अध्यक्ष पद, वे नहीं माने तो फिर प्रियंका को सौंपे कमान

कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक में उठा यह मुद्दा, लेकिन बाहर नेताओं ने साधे रखी चुप्पी

- दरअसल कांग्रेस नेता चाहते हैं कि जो भी कांग्रेस की कमान संभाले, वह लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश की यात्रा पर निकले
- यही कारण है कि संगठन चुनाव की प्रक्रिया से पहले ही गांधी परिवार में से किसी सदस्य को कमान सौंपने की मांग उठ रही है

उदयपुर/जयपुर, (का.प्र.)। कांग्रेस के नव संकल्प शिविर के पहले दिन राजस्थान के प्रभारी अजय माकन ने कहा था कि पार्टी की चुनाव प्रक्रिया चल रही है, इसलिए राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर सवाल नहीं बनता है। लेकिन शिविर के दूसरे दिन हुई नेताओं की बैठक में राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा चली। इतना ही नहीं चर्चा में यह भी निकल कर आया कि यदि राहुल गांधी पार्टी अध्यक्ष बनने से मना करते हैं, तो फिर प्रियंका गांधी वाड्रा को पार्टी अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। इस चर्चा का सच क्या है यह तो बाद में सामने आएगा, लेकिन गांधी परिवार से 2 लोगों का अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में आना काफी महत्वपूर्ण है।

उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के नव संकल्प शिविर के दूसरे दिन बुलाई गई प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारियों की बैठक में राहुल गांधी को फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने को लेकर मांग उठाई गई। सूत्रों के अनुसार नेताओं की मांग के बाद सोनिया गांधी ने सभी राज्यों के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों, प्रभारियों, प्रतिपक्ष के नेताओं की शनिवार को बैठक बुलाई। इस बैठक में हुई इस मांग को लेकर सभी नेताओं ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन यदि यह मुद्दा रविवार को होने वाली कार्यसमिति की बैठक में आता है तो फिर निश्चित तौर पर माना जाएगा कि कांग्रेस के अधिकांश नेता राहुल को पार्टी अध्यक्ष के रूप में कमान सौंपने के लिए तैयार है।

दरअसल संगठन चुनाव के चलते यह चर्चा नहीं होनी थी लेकिन अचानक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक में यह चर्चा सामने आई। इसका कारण यह था कि पार्टी के अधिकांश नेता चाहते थे कि पार्टी का नेतृत्व करने वाला पूरे देश में यात्रा करें और लोगों से मिलकर यह जानने की कोशिश करें कि वह कांग्रेस से क्या चाहते हैं और केंद्र सरकार से उनकी क्या नाराजगी है। ऐसे में अचानक राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने का मुद्दा उठा और बैठक में यह चर्चा भी हुई कि यदि राहुल गांधी अपनी उस बात पर अड़े रहते हैं कि उन्हें पार्टी अध्यक्ष नहीं बनना है तो फिर प्रियंका गांधी को पार्टी अध्यक्ष का कार्यभार सौंप दिया जाए।

जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान नेताओं ने आवाज उठाई कि राहुल को अध्यक्ष बनने के बाद देश भर की यात्रा पर निकलना चाहिए। ये जन जागरण यात्रा सभी राज्यों में निकाली जाए। राहुल गांधी इस यात्रा के जरिए 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राज्यों में कांग्रेस के लिए माहौल बनाएं।। यात्रा को व्यवस्थित और असरदार बनाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की भी बात कही गई। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए अगस्त में चुनाव होने हैं। तय माना जा रहा है कि राहुल गांधी ही राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष होंगे। इसके बाद अक्टूबर से वे जन जागरण यात्रा शुरू कर सकते हैं।

नव संकल्प शिविर शुरू होने से पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि शिविर में राहुल गांधी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर चर्चा जरूर होगी। कांग्रेस आलाकमान इन अटकलों को खारिज कर रहा था, लेकिन अब शिविर के दूसरे ही दिन तय हो गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर पार्टी राहुल गांधी को ही देख रही है। इतना ही नहीं उनकी देशयात्रा को लेकर भी मांग उठाई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि बैठक में यह बात इसलिए उठाई गई, क्योंकि उत्तर भारत में कांग्रेस का प्रभाव पिछले कई चुनावों से कम होता जा रहा है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में वापस ऊर्जा भरने के लिए राहुल गांधी की यात्रा जरूरी है। पिछले चुनावों में कांग्रेस राहुल गांधी की यात्रा जरूरी है। पिछले चुनावों में कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली ही नहीं पश्चिम बंगाल, गोवा सहित उत्तर भारत और अन्य क्षेत्रों में भी काफी नुकसान हुआ है।

सभी नेताओं ने यात्रा को लेकर अपनी-अपनी बात कही। सोनिया गांधी ने इस संबंध में फिलहाल अपनी राय नहीं रखी है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि एक ऐसी यात्रा प्लान की जाए, जिसमें राज्यों के साथ अधिकतर प्रमुख जिलों को भी छुआ जा सके। राहुल गांधी को राज्य के नेताओं से ही नहीं, जिले के नेताओं से भी चर्चा करने और माहौल समझने व समझाने का मौका मिले। पार्टी नेताओं ने अनौपचारिक बातचीत में माना कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी देशभर में लगातार दौरे कर रहे हैं और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अभी से ही माहौल बनाने में जुटे हुए हैं।

पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को ट्रेन से आने-जाने के लिये अभ्यर्थियों का रैला जयपुर जंक्शन पर शनिवार सारे दिन लगा रहा।

परीक्षा में आने-जाने के लिये अभ्यर्थी अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। वाहनों की छतों पर बैठकर और पीछे या दरवाजे-खिड़कियों पर लटककर आवागमन को मजबूर हैं।

दूसरे दिन करीब तीन लाख अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

जयपुर। प्रदेश में चल रही कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को करीब तीन लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

एडीजी भर्ती बिनीता ठाकुर ने बताया कि दूसरे दिन निर्धारित साढ़े 5 लाख में से करीब 3 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। सभी सेंटर पर नकल रोकने के पुख्ता इंतजाम किए गए। इसके चलते सभी केंद्रों पर जैमर लगाया गया है। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी, उपस्थित पुलिसकर्मी व वीक्षक भी अपना मोबाइल साथ में नहीं रख सकते। अभ्यर्थियों को परीक्षा समय से डेढ़ घंटे पूर्व से ही प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया। अभ्यर्थियों के लिए सुबह आयोजित परीक्षा में साढ़े आठ बजे और दोहपर ढाई बजे केंद्र पर पहुंचना जरूरी है।

कांग्रेस अब ट्रांसजेंडर्स को पार्टी से जोड़ने पर ध्यान देगी

- सोशल जस्टिस कमेटी की बैठक में हुआ इस मुद्दे पर विचार
- कर्ज माफी के लिए आयोग का गठन तथा एमएसपी पर कानून बनाने पर आए सुझाव
- चिदंबरम बोले, ''इंडिया शाइनिंग कैंपेन को जनता ने पूरी तरह ठुकरा दिया, मोदी सरकार फिर से इंडिया शाइनिंग कैंपेन को दोहरा रही है''

उदयपुर/जयपुर, (का.प्र.)। अब तक एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग को साथ लेकर चलने की बात करने वाली कांग्रेस ने उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में ट्रांसजेंडर को भी पार्टी से जोड़ने पर विचार किया है। ऐसे में कांग्रेस पहली पार्टी होगी,जो ट्रांसजेंडर्स को अपने साथ जोड़ने के लिए विशेष कार्य योजना बनाने जा रही है। यदि कांग्रेस कार्यसमिति में इस बात पर मोहर लगी तो पार्टी के अंदर ट्रांसजेंडर्स को अलग से स्थान मिल सकता है।

सोशल जस्टिस को लेकर विचार विमर्श करने के लिए बनी कांग्रेस की समिति की सदस्य हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा कि कई वंचित वर्ग को भी कांग्रेस से जोड़ा जाएगा। ट्रासंजेडर्स को पार्टी से जोड़ने पर भी खास जोर दिया जाएगा, वे भी हमारे समाज का हिस्सा हैं और उनका हक है। किसी समिति के सदस्य के राजू ने कहा कि पार्टी में एससी-एसटी-ओबीसी-माइनॉरिटी के लिए 20 से 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का प्रावधान लागू करने का सुझाव दिया है। इससे वंचित वर्ग को पार्टी में भागीदारी मिल सकेगी। कमेटी के संयोजक सलमान खुर्शीद ने कहा कि कांग्रेस में सोशल जस्टिस एडवाइजरी काउंसिल बनाने का सुझाव दिए है। यह काउंसिल देश भर से डेटा कलेक्ट करेगी। पार्टी में सोशल इंजीनियरिंग इसी काउंसिल के जरिए होगी। इसके डाटा के आधार पर जिसकी जितनी संख्या है उसे उतनी भागीदारी मिलनी चाहिए। इसी के साथ खुर्शीद ने यह भी माना कि एससी एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग को लेकर पार्टी हमेशा काम करती रही है लेकिन यह वर्ग पार्टी के साथ नहीं जुट पा रहे हैं। इस बारे में भी चर्चा हो रही है कि हम बेहतर तरीके से इन तक अपनी पहुंच बनाएं।

इससे पहले किसान और मजदूर वर्ग की समस्याओं को लेकर बनी समिति के संयोजक हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि समिति में कर्ज माफी के लिए आयोग का गठन करने तथाएमएसपी पर कानून बनाने जैसे कई सुझाव दिए है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था, वह तो पूरा नहीं किया, लेकिन किसानों पर कर्जा दोगुना हो गया। कमेटी के सदस्य और छत्तीसगढ़ के मंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसान न्याय योजना शुरू की गई है, इस योजना को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए।

इससे पहले आर्थिक मामलों की कमेटी के संयोजक और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिंदबरम ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां देश हित में नहीं है। जीएसटी के गलत इंप्लिमेंटेशन की वजह से राज्यों की हालत खराब हो गई है। राज्यों को जीएसटी का पैसा समय पर नहीं दिया जा रहा है। आर्थिक मोर्चे पर केंद्र सरकार गलत कदम उठाते ही जा रही है।

इसी के साथ मीडिया की एक सवाल के जवाब में चिदंबरम ने कहा कि हम उदारीकरण से कदम पीछे खींचने के पक्षधर नहीं हैं। हम पोस्ट लिबरलाइजेशन की बात कर रहे हैं। ज्यादा गरीबी असमानता को बढ़ाती है। इंडिया शाइनिंग कैंपेन का उदाहरण आपको याद है, जब जनता ने इसे पूरी तरह ठुकरा दिया, क्योंकि उनके जीवन स्तर में बदलाव नहीं आया। मोदी सरकार फिर से इंडिया शाइनिंग कैंपेन को दोहरा रही है।

इसी के साथ चिदंबरम ने बढ़ती महंगाई के मुद्दे को लेकर कहा कि केंद्र सरकार महंगाई के लिए रूस-यूक्रेन वॉर को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती। यूक्रेन वॉर से पहले ही तेल की कीमतें ज्यादा हैं। कीमतें ज्यादा होने का कारण पेट्रोल-डीजल पर हाई टैक्स है। आज महंगाई बढ़ रही है, लेकिन केंद्र की कोई तैयारी नहीं है।

हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती-2012 के पुनः परिणाम में चयनित शिक्षकों को नौ साल की सेवा के बाद एसीपी का लाभ नहीं देने पर प्रमुख शिक्षा सचिव और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश अशोक कुमार नागर व अन्य की याचिका पर दिए।

जिस कांग्रेस को अपडेट करने की बात की जा रही, उसका सॉफ्टवेयर आउटडेटेड हो चुका : शेखावत

- केंद्रीय जलशक्ति मंत्री का तंज, बोले : ''इस बार भी वही हश्र होगा, जो पूर्व के चिंतन शिविरों का हुआ''

जयपुर। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि फाइव स्टार चिंतन शिविर में जिस कांग्रेस को अपडेट करने की बात की जा रही है, उसका पूरा सॉफ्टवेयर कब का आउटडेटेड हो चुका है। चिंतन शिविर में वही अंग्रेजों के जमाने की बातें दोहराई जा रही हैं, जिनकी वजह से देश की सबसे पुरानी पार्टी को उसके पुराने वफादार नेता अलविदा कह रहे हैं। शेखावत ने कहा कि पूर्व प्रधान सुनील जाखड़ की बातों से लगता है, पंजाब में कांग्रेस की जैसी भद पिटी, वही हाल राजस्थान में होना है। शिविर में आए चेहरों पर मुस्कान है, लेकिन दिल में कितनी आग लगी है, सबको पता है।

शनिवार को मीडिया से रूबरू होते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बदलते हुए परिदृश्य में जब देश आजादी का अमृत महोत्सव बना रहा है। हम 25 साल के अमृतकाल में प्रवेश कर रहे हैं। तब किस तरह से देश को आगे बढ़ाने के लिए काम करें और कांठोस किस तरह से सकारात्मक भूमिका निभा सकती है, इस दृष्टि से चिंतन शिविर में चर्चा की जानी चाहिए थी, लेकिन सत्ता किस तरह से प्राप्त की जा सके, उसकी छटपटाहट और बौखलाहट साफ दिखाई दे रही है। एक परिवार से एक को टिकट देने, लेकिन गांधी परिवार को इससे अलग रखने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि गांधी परिवार को एकतरफ रखकर नीतियां बनाना, यह कांठोस की हमेशा की परंपरा रही है। जब तक किसी संगठन, देश या राजनीतिक पार्टी का नेता स्वयं आगे बढ़कर अपने चरित्र, आचरण और व्यवहार से प्रेरणा नहीं देता, तब तक न नीतियां सफल हो सकती हैं, न प्रभावकारी।

शेखावत ने कहा कि मुझे लगता है कि इसका वही हश्र होने वाला है, जो अब तक ऐसी नीतियों और चिंतन शिविरों का हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान में दुराचार की घटनाओं, बिगड़ती कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी आदि पर आधा एक घंटा चिंता की गई होती और मुख्यमंत्री को निर्देश दिए होते तो शायद राज्य की आठ करोड़ जनता का कोई भला होता। शेखावत ने कहा कि जब जोधपुर जल रहा था, भीलवाड़ा में दंगे हो रहे थे, तब मुख्यमंत्री महारानी की आवभगत में कमी ना रह जाए, उसकी तैयारियों के लिए घूम रहे थे। जनता सब देख रही है।

बजरी के अवैध खनन के परिवहन में ट्रैक्टर और लॉरी का उपयोग रोके सरकार : सुप्रीम कोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह प्रदेश में बजरी के अवैध खनन के परिवहन में ट्रैक्टर और लॉरी का उपयोग पर रोक लगाए। इसके साथ ही अदालत ने अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉली से किए जा रहे परिवहन को सख्ती से रोके। वहीं अदालत ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में शपथ पत्र पेश कर यह भी बताने के लिए कहा है कि अवैध बजरी खनन व उसका परिवहन करने वालों को गिरफ्तार करने के लिए क्या कार्रवाई की गई। जस्टिस एल नागेश्वर राव, बीआर गवई व एस बोपन्ना की खंडपीठ ने यह आदेश ऑल राजस्थान बजरी ट्रक ऑपरेटर्स वेलफेयर सोसायटी की अवमानना याचिका व बजरी लीज धारक वेलफेयर सोसायटी की एसएलपी पर संयुक्त सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि जिन लीज धारकों ने एमओईएफसीसी से मंजूरी प्राप्त कर ली है, उन्हें बिना देरी किए लीज जारी की जाए। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को नवंबर 2021 में दिए गए फैसले में भी निर्देश दिया था कि वह अवैध बजरी खनन की गतिविधियों से सख्ती से निपटे। सुनवाई के दौरान ट्रक ऑपरेटर्स की ओर से कहा गया कि सर्वोच्च अदालत के आदेशों के बाद भी प्रदेश में बजरी का अवैध खनन जारी है। प्रदेश में अपंजीकृत ट्रेक्टर-ट्रॉली से बजरी का अवैध खनन व परिवहन किया जा रहा है। प्रदेश में बीस हजार ऐसे अपंजीकृत ट्रेक्टर हैं, जिनका उपयोग केवल कृषि कार्य के लिए हो सकता है, लेकिन इनका उपयोग अवैध बजरी खनन व परिवहन में किया जा रहा है। इसके बावजूद राज्य सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही और ऐसे ट्रेक्टर मालिकों के खिलाफ कोई भी आपराधिक केस दर्ज नहीं किए गए हैं। इसके जवाब में राज्य सरकार के एएजी मनीष सिंघवी ने कहा कि वे इस संबंध में विस्तृत हलफनामा पेश कर देंगे कि राज्य सरकार ने अवैध बजरी खनन को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई है।

लोक अदालत में आठ लाख नब्बे हजार से अधिक मुकदमों का निपटारा हुआ

जयपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को हाइकोर्ट सहित प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जस्टिस अशोक गौड ने हाईकोर्ट परिसर में दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया। लोक अदालत में कुल 13 लाख 81 हजार 218 मुकदमे सूचीबद्ध किए गए। वहीं इनकी सुनवाई के लिए कुल 870 बैंच गठित की गई। लोक अदालत में कुल आठ लाख 90 हजार 170 मुकदमों का राजीनामा के जरिए निस्तारण किया गया। वहीं कुल 6 अरब, 41 करोड 56 लाख, 95 हजार 430 रूपए के अवार्ड भी जारी किए। लोक अदालत में एनआइ एक्ट, धन वसूली, राजीनामे योग्य फौजदारी मामले, एमएसीटी, बिजली, पानी और बिलों के भुगतान संबंधित, वैवाहिक प्रकरण, पेंशन, राजस्व मामलों सहित अन्य मामलों का निस्तारण किया गया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सूचना से जुड़े प्रकरणों का तेजी से किया जा रहा है निस्तारण : डी. बी. गुप्ता

- 'आयोग प्रतिमाह 1675 प्रकरणों को कर रहा है निष्पादित'
- 'नई व्यवस्था के तहत प्रार्थी अब ऑनलाइन भी करवा पा रहे हैं प्रकरण दर्ज'

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान राज्य सूचना आयोग के आयुक्त डी.बी. गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में विशिष्ट अदालत शिविरों में सूचना से जुड़े प्रकरणों का तेजी से निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व आयोग सितंबर माह में जेडीए और दिसंबर माह में स्कूली शिक्षा विभाग से जुड़े प्रकरणों के निष्पादन के लिए विशिष्ट अदालत शिविर लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में संभाग स्तर पर शिविर आयोजित कर अपील और परिवादों का निस्तारण किया जाएगा।

गुप्ता शनिवार को आयोग परिसर में विशिष्ट अदालत शिविर में नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों निगमों को मिलाकर 656 प्रकरण हैं, इनमे से 65 केसेज की प्रति कोर्ट सुनवाई आज की गई है। आयोग में कुल 5 कोर्ट संचालित हुए। उन्होंने बताया कि शेष मामलों की सुनवाई 28 मई को की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि आयोग द्वारा ऑनलाइन शिकायत लेने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है, इससे अपील और केसेज के संख्या में बढ़ोतरी जरूर हो रही है लेकिन आमजन को भी खासी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान टीम के समय कुल 18 हजार से ज्यादा केसेज थे। आयोग ने करोना काल में भी बेहतरीन कार्य करते हुए पिछले 13 माह में 18 हजार 464 द्वितीय अपीलों व 733 परिवादों का निस्तारण किया गया। इससे लंबित प्रकरणों में 12 हजार 327 अपील व 1317 परिवाद रह गए हैं।

राजस्थान राज्य सूचना आयोग परिसर में आयुक्त डी.बी. गुप्ता ने शनिवार को विशिष्ट अदालत शिविर में नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई की। शिविर में नगर निगम ग्रेटर के आयुक्त महेंद्र सोनी व हैरिटेज आयुक्त अवधेश मीणा मौजूद रहे।

गुप्ता ने कहा कि आयोग को प्रतिमाह 1 हजार से ज्यादा अपील और शिकायतें मिल रही हैं। आयोग प्रतिमाह 1675 मामलों के निस्तारण कर रहा है, जो कि अपने आप में कीर्तिमान है। इससे बैकलॉग भी समाप्त हो रहा है और वर्तमान के केसेज पर भी तुरंत सुनवाई हो पा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में संभाग स्तर पर सुनवाई की जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत मिल सके।

गुप्ता ने बताया कि आयोग द्वारा अब तक लगभग 5 करोड़ रुपए की शास्ति और लगभग 9 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि का दंड दिया गया। उन्होंने बताया कि इसमें से 2 करोड़ 33 लाख 65 हजार रुपए से ज्यादा की शास्ति और 5 लाख, 51 हजार से ज्यादा रुपए की क्षतिपूर्ति वसूली जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सूचना आयोग द्वारा समस्त पत्राचार अब सरकार के स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित किया जाएगा, इसकी विधिवत शुरुआत 25 फरवरी से कर दी गई है।

विशिष्ट अदालत शिविर के दौरान नगर निगम ग्रेटर के आयुक्त महेंद्र सोनी, हैरिटेज आयुक्त अवधेश मीणा, आयोग की सचिव प्रियंका गोस्वामी, प्रवीण कुमार, राजेंद्र प्रसाद बरबड़,नारायण बारहट, लक्ष्मण सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश में नए करोना संक्रमण के मामलों में थोड़ी कमी आई शनिवार को

राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 55 नए संक्रमित मिले, इससे पहले शुक्रवार को 80 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

- राजधानी जयपुर में भी थोड़ी गिरावट के बाद 33 नए मरीज मिले हैं।

जयपुर। प्रदेश में शनिवार को करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी गिरावट आई है। इस दौरान राज्य में 55 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि इस बीच 113 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 558 रह गए हैं।

प्रदेश में शनिवार को 9 जिलों में 55 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 80 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में भी थोड़ी कमी के बाद 33 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा अलवर में 9, सवाई माधोपुर में 4, चूरू, झालावाड़ व नागौर में 2-2 तथा दौसा, कोटा व उदयपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं इस बीच राज्य के 24 जिलों अजमेर, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सीकर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान राज्य में 113 मरीज करोना से ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 558 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में 63 मरीजों के रिकवर होने से 360 एक्टिव केस रह गए हैं। वहीं धौलपुर में भी एक ही दिन में 41 संक्रमितों के स्वस्थ होने से यहां अब 59 लोगों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में शनिवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। अब तक इस बीमारी से राज्य में 9554 लोगों मृत्यु हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में शनिवार को 20 स्थानों पर नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 6 नए मरीज मानसरोवर में पाए गए हैं। इसके अलावा अजमेर रोड, बरकत नगर, दुर्गापुरा, जवाहर नगर, न्यू सांगानेर रोड, सांगानेर व शास्त्री नगर में 2-2 तथा आमेर, बस्सी, सी-स्कीम, जगतपुरा, खातीपुरा, कोटपूतली, प्रताप नगर, सोड़ाला, तिलक नगर, टोंक रोड और वैशाली नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

खोया-पाया

शिव शक्ति रियल मार्ट, अजमेर रोड, जयपुर के फ्लैट नम्बर एस/एसएफ/06 का ओरिजनल अलाटमेंट लेटर कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें- सुमित विजय 9057699999

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या प्रमिला कासलीवाल पत्नि श्री कमलेश कासलीवाल, निवासी सी-37, सीकर हाऊस, जयपुर ने मकान म्युनिसिपल नम्बर 1784, नागरपाडा का रास्ता, जयलाल मुंसी का रास्ता, चौकडी, पुरानी बस्ती, जयपुर सम्पूर्ण को जितेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल, निवासी-538 भारती कॉलोनी, पट्टियों का खुर्रा, ब्रह्मपुरी, जयपुर से क्रय करने का इकरार किया है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक आदि को कोई उज्रआपत्ति हो तो लिखित आपत्ति मय सबूत आज से सात दिवस में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा। (संजोग गुप्ता) एडवोकेट मो. नं. 9414311888

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम रीतु नवलानी से बदलकर रीतु सिंह टाक रख लिया है। भविष्य में मुझे रीतु सिंह टाक पत्नी श्री कुणाल सिंह टाक के नाम से जाना पहचाना जावे। पता-प्लाट नं. 190, शिव मंदिर रोड, मोदी नगर, पुरानी चुंगी, जयपुर।

मैं मुकेश चौधरी पुत्र श्री हनुमान सहाय चौधरी बी-152, नेहरू नगर पानीपेच जयपुर मैंने अपना नाम मुकेश चौधरी से बदलकर महेन्द्र चौधरी रख लिया है भविष्य में मुझे महेन्द्र चौधरी के नाम से जाना व पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम मोहम्मद अकबर से बदलकर मोहम्मद अकबर जोया पुत्र श्री मोहम्मद रफीक निवासी 3526, लुहारों का खुर्रा, घाटगेट, जयपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद अकबर जोया के नाम से जाना पहचाना जावें।

I Kusum W/o Army no 1247871 Rank Ex SEP Late shri sardar singh Chapawat R/o Village pot Geejgarh Teh. sikrai District dausa Have changed my name from Kusham Kumari Wrong Entered in service documents to KUSUM (DOB 15/08/1949) vide affidavit dated 12 may 2022 before district court jaipur.

I have changed my name from Wasim Bano to Naseem Bano In future I Shall be called & known Naseem Bano W/o Akram Khan. Add-124, Deepak Marg, Adarsh Nagar, Jaipur-302004